भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2245
दिनांक 20.12.2022/ 29 अग्रहायण, 1944 (शक) को उत्तर के लिए

अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को राहत

†2245. श्री राजन बाबूराव विचारेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जुलाई 2022 में पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान अचानक आई बाढ़ के कारण कितने तीर्थयात्रियों की मृत्यु हुई;

(ख) क्या कई तीर्थयात्रियों के लापता होने की खबर है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को बचाने और राहत प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): जम्मू और कश्मीर सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार अचानक आई बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान चली गई, लेकिन किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना नहीं है। विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे कि एनडीआरएफ, यूटीडीआरएफ, सेना, सीएपीएफ, यूटी सरकार के कर्मचारियों और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के कर्मचारियों को तीर्थयात्रियों के खोज अभियान, बचाव और राहत के लिए तैनात किया गया था। यात्रियों को तत्काल सुरक्षित स्थानों/शिविरों में ले जाया गया और उन्हें आवास और भोजन उपलब्ध कराया गया, जबकि घायल यात्रियों को निकटतम चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँचाया गया। पहलगाम के संयुक्त नियंत्रण कक्ष, अनंतनाग के पुलिस नियंत्रण कक्ष, एसएएसबी और कश्मीर के संभागीय आयुक्त के हेल्प लाइन नंबर सोशल मीडिया सहित सभी प्लेटफार्मों पर प्रसारित किए गए।

******